दिनांक–05.07.2024
समय–7.10एएम
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- लाड़ली बहना योजना के तहत आज मुख्यमंत्री करेंगे 14वीं किस्त जारी। किसान कल्याण योजना में इस वर्श की पहली किस्त की भी देंगे सौगात।
- प्रदेश में संपूर्णता अभियान के तहत विभिन्न कार्यकमों का आयोजन जारी।
- एटीएस द्वारा खंडवा में आतंकी की गिरफ्तारी पर मुख्यमंत्री ने दी पुलिस विभाग को बधाई।
- प्रदेश में आज भी कई जिलों में भारी बारिश के आसार।

किस्त वितरण–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज लाडली बहना योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं को 14वीं किश्त जारी करेंगे। मुख्यमंत्री टीकमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में इन महिलाओं के बैंक खातों में 1250 रूपये अंतरित करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत वर्ष 2024–25 की पहली किश्त और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के एलपीजी गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं के लिए सिंगल क्लिक से राशि जारी करेंगे।

मुख्यमंत्री के टीकमगढ़ में होने वाले कार्यक्रम के साथ ही इंदौर जिले में जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले के समस्त हितग्राही वेबकास्ट लिंक के माध्यम से जुड़कर कार्यक्रम को देख व सुन सकेंगे। जिले में जगह–जगह इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा।

संपूर्णता अभियान

नीति आयोग ने पांच सौ आकांक्षी ब्लॉकों और एक सौ 12 आकांक्षी जिलों के 12 प्रमुख सामाजिक क्षेत्र के संकेतकों में परिपूर्णता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक राष्ट्रव्यापी संपूर्णता अभियान का कल शुभारंभ किया है। तीन महीने चलने वाले इस व्यापक अभियान में स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास, शिक्षा सहित कई विषयों पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

सिंगरौली जिले में अभियान की शुरूआत करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह ने अभियान के अंतर्गत विभिन्न लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी।

बाईट– गजेन्द्र सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत

इसी तरह कल धार जिले के तिरला विकासखंड में आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान की शुरुआत की गई। नीति आयोग दिल्ली से आये दल ने सभी को सम्पूर्णता अभियान के संबंध में प्रधानमंत्री के द्वारा किये जाने वाले कार्यो के संबंध में बताया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तिरला ने अभियान हेतु चयनित 6 सूचकांक जैसे पहली तिमाही के भीतर प्रसवपूर्व देखभाल (एएनसी) के लिए पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, मधुमेह की जांच किए गए व्यक्तियों का प्रतिशत, उच्च रक्तचाप के लिए जांच किए गए व्यक्तियों का प्रतिशत, पूरक न्युट्रिशन लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, मृदा स्वास्थ्य कार्डों का प्रतिशत, कुल एसएचजी के मुकाबले रिवॉल्विंग फंड प्राप्त करने वाले एसएचजी का प्रतिशत के संबंध में बताते हुये लक्ष्य की पूर्ति के लिए सभी विभागीय स्थानीय अमले को प्रेरित किया गया। इसी तरह डिंडौरी में विकासखंड करंजिया के ग्राम गोपालपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हितग्राहियो को लाभांवित किया गया। सतना जिले के दो विकासखंड मझगवां और रामपुर बघेलान का चयन किया गया है। कल सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ मझगवां में किया गया। जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह, सीईओ जिला पंचायत एवं कार्यक्रम की नोडल अधिकारी संजना जैन ने हिस्सा लिया। नीति आयोग की सलाहकार प्राची शर्मा ने बताया कि आकांक्षी ब्लाक में 40 इंडिकेटर

की पूर्ति के प्रयास किये जाते हैं। आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के तहत जुलाई से सितम्बर 2024 तक 3 माह की अवधि में सम्पूर्णता अभियान के अंतर्गत मुख्य रूप से 6 इंडिकेटर पर कार्य कर सम्पूर्णता लाने का प्रयास किया जायेगा। जिले के दूसरे आकांक्षी ब्लाक रामपुर बघेलान में अभियान का शुभारंभ आज किया जायेगा।

<u>मुख्यमंत्री एटीएस</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश एटीएस द्वारा कल खंडवा से इंडियन मुजाहिदीन के आतंकी की गिरफ्तारी पर पुलिस के अधिकारियों और स्टॉफ को बधाई दी है। एटीएस द्वारा संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया है। इस आतंकवादी के निशाने पर सुरक्षा बल के जवान भी थे। आतंकवादी द्वारा बड़े हमले की साजिश रची गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की पुलिस सजग है। हम प्रदेश में किसी भी आतंकवादी या अपराधी के इरादे सफल नहीं होने देंगे। आतंकी के पास से जब्त जेहादी साहित्य, मोबाइल, हथियार, सिमी सदस्यता फॉर्म और अन्य आतंकी संगठनों से जुड़ी जानकारी भविष्य में होने वाली साजिशों का खुलासा करने में मददगार होगी।

<u>धार्मिक आयोजन</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के परिपालन में प्रदेश में सामाजिक व धार्मिक आयोजनों के प्रबंधन में समुचित सुरक्षा व्यवस्था के लिये गृह विभाग ने दिशा–निर्देश जारी किये है। इन आयोजनों में अव्यवस्था या भगदड़ अथवा अन्य दुर्घटनाओं जैसी अप्रिय स्थितियों से निपटने के लिये प्रदेश के सभी कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों और भोपाल–इंदौर के पुलिस आयुक्तों को आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिये गये है। गृह विभाग ने निर्देशित किया है कि आयोजकों को स्पष्ट व लिखित निर्देश जारी करें। इनमें प्रवेश एवं निर्गम पर श्रद्धालुओं की संख्या नियत रखने, आने–जाने के रास्ते अलग अलग निर्धारित करने, और आपातकालीन व्यवस्थाओं का बेहतर प्रबंधन करने संबंधी निर्देश हैं।

<u>हास्टल व्यवस्था–इंदौर</u>

इंदौर में हॉस्टल, आश्रम और स्कूलों में पीने के पानी के सेम्पल लेने और खाद्य व्यवस्था को देखने के लिए गठित दलों द्वारा जांच की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। जांच मुहिम के दौरान पीने के पानी के भंवरकुआ, जूनी इंदौर, मल्हारगंज, चितावद, नौलखा और कनाड़िया आदि क्षेत्रों से कुल 40 पानी के नमूने लिए गए। मल्हारगंज अनुविभागीय राजस्व अधिकारी क्षेत्र में आने वाले परदेसीपुरा क्षेत्र के विभिन्न संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इनमें से सात संस्थाओं से पीने के पानी के नमूने लिए गए। किशोर न्याय बोर्ड में एक माह पुरानी एक्सपायरी डेट की हल्दी और धनिया पाउडर पाया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया। शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित केंद्र के किचन में सफाई व्यवस्था नहीं पाए जाने पर उन्हें पर्याप्त साफ–सफाई रखने के निर्देश दिए गए।

<u>मौसम–बारिश–प्रदेश</u>

प्रदेश में दो सिस्टम सक्रिय होने से कई जिलों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज भी आगरमालवा, गुना, शिवपुरी, भिंड, मुरैना और श्योपुरकला जिलों में अति भारी वर्षा का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा भोपाल, सीहोर, इन्दौर, डिण्डोरी, बालाघाट सहित 48 जिलों के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल, इन्दौर, उज्जैन संभाग के सभी जिलों में कल बारिश का दौर जारी रहा।

<u>भारतीय टीम–मुंबई</u>

टी–20 विश्वकप के विजेता क्रिकेट टीम का कल मुंबई में नरीमन प्वाइंट से वानखेडे स्टेडियम तक विजय जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में सडकों पर खडे क्रिकेट प्रशंसकों ने हिस्सा लिया। इसके बाद मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टीम का सम्मान किया गया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- धार के भोजशाला परिसर में एएसआई सर्वे टीम को अब 15 जुलाई तक रिपोर्ट पेश करना होगा। कल इंदौर हाईकोर्ट बेंच में सुनवाई के बाद कोर्ट ने रिपोर्ट के लिये 10 दिन का समय बढ़ाया है।

- शिवपुरी में मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला शिवपुरी एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना दिल्ली के सहयोग से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु भर्ती कैंप 8 जुलाई को आयोजित किया जाएगा।
- केंद्रीय मंत्री भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कल निवाड़ी जिले के प्रवास के दौरान ओरछा के ग्राम जमुनिया में वृक्षारोपण किया।
- शाजापुर के शहरी एवम ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वयस्क व्यक्ति जो औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाए है,उनके निरक्षरता उन्मूलन हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020के प्रावधानों के अनुसार उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा हैं।

-----------------------------------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

**(1) संपूर्णता अभियान -प्रदेश**

**नीति आयोग ने पांच सौ आकांक्षी ब्लॉकों और एक सौ 12 आकांक्षी जिलों के 12 प्रमुख सामाजिक क्षेत्र के संकेतकों में परिपूर्णता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक राष्ट्रव्यापी संपूर्णता अभियान का कल शुभारंभ किया है। तीन महीने चलने वाले इस व्यापक अभियान में स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास, शिक्षा सहित कई विषयों पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।**

**सिंगरौली जिले में अभियान की शुरूआत करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह ने अभियान के अंतर्गत विभिन्न लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी।**

**बाईट- गजेन्द्र सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत**

**इसी तरह कल धार जिले के तिरला विकासखंड में आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान की शुरुआत की गई। नीति आयोग दिल्ली से आये दल ने सभी को सम्पूर्णता अभियान के संबंध में प्रधानमंत्री के द्वारा किये जाने वाले कार्यो के संबंध में बताया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तिरला ने अभियान हेतु चयनित 6 सूचकांक जैसे पहली तिमाही के भीतर प्रसवपूर्व देखभाल (एएनसी) के लिए पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, मधुमेह की जांच किए गए व्यक्तियों का प्रतिशत, उच्च रक्तचाप के लिए जांच किए गए व्यक्तियों का प्रतिशत, पूरक न्युट्रिशन लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, मृदा स्वास्थ्य कार्डों का प्रतिशत, कुल एसएचजी के मुकाबले रिवॉल्विंग फंड प्राप्त करने वाले एसएचजी का प्रतिशत के संबंध में बताते हुये लक्ष्य की पूर्ति के लिए सभी विभागीय स्थानीय अमले को प्रेरित किया गया। इसी तरह डिंडौरी में विकासखंड करंजिया के ग्राम गोपालपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हितग्राहियो को लाभांवित किया**

गया। सतना जिले के दो विकासखंड मझगवां और रामपुर बघेलान का चयन किया गया है। कल सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ मझगवां में किया गया। जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह, सीईओ जिला पंचायत एवं कार्यक्रम की नोडल अधिकारी संजना जैन ने हिस्सा लिया। नीति आयोग की सलाहकार प्राची शर्मा ने बताया कि आकांक्षी ब्लाक में 40 इंडिके□र की पूर्ति के प्रयास किये जाते हैं। आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के तहत जुलाई से सितम्बर 2024 तक 3 माह की अवधि में सम्पूर्णता अभियान के अंतर्गत मुख्य रूप से 6 इंडिके□र पर कार्य कर सम्पूर्णता लाने का प्रयास किया जायेगा। जिले के दूसरे आकांक्षी ब्लाक रामपुर बघेलान में अभियान का शुभारंभ आज किया जायेगा।

**(2) किस्त वितरण-मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज लाडली बहना योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं को 14वीं किष्त जारी करेंगे। मुख्यमंत्री □ीकमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में इन महिलाओं के बैंक खातों में 1250 रूपये अंतरित करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत वर्ष 2024-25 की पहली किष्त और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के एलपीजी गैस कनेक्षनधारी उपभोक्ताओं के लिए सिंगल क्लिक से राशि जारी करेंगे।

मुख्यमंत्री के □ीकमगढ़ में होने वाले कार्यक्रम के साथ ही इंदौर जिले में जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले के समस्त हितग्राही वेबकास□ लिंक के माध्यम से जुड़कर कार्यक्रम को देख व सुन सकेंगे। जिले में जगह-जगह इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा।

**(3) ए□ीएस मुख्यमंत्री- खंडवा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश ए□ीएस द्वारा कल खंडवा से इंडियन मुजाहिदीन के आतंकी की गिरफ्तारी पर पुलिस के अधिकारियों और स□ॉफ को बधाई दी है। ए□ीएस द्वारा संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया है। इस आतंकवादी के निशाने पर सुरक्षा बल के जवान भी थे। आतंकवादी द्वारा बड़े हमले की साजिश रची गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की पुलिस सजग है। हम प्रदेश में किसी भी आतंकवादी या अपराधी के इरादे सफल नहीं होने देंगे। आतंकी के पास से जब्त जेहादी साहित्य, मोबाइल, हथियार, सिमी सदस्यता फॉर्म और अन्य आतंकी संगठनों से जुड़ी जानकारी भविष्य में होने वाली साजिशों का खुलासा करने में मददगार होगी।

**(4) मौसम-बारिश- प्रदेश**

**प्रदेश में दो सिस्टम सक्रिय होने से कई जिलों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज भी आगरमालवा, गुना, शिवपुरी, भिंड, मुरैना और श्योपुरकला जिलों में अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा भोपाल, सीहोर, इन्दौर, डिण्डोरी, बालाघाट सहित 48 जिलों के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल, इन्दौर, उज्जैन संभाग के सभी जिलों में कल बारिश का दौर जारी रहा।**

**-------------------**